तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 24 सितंबर 2024

12 सद्व्यवहार टीम वर्क व समयबद्ध तरीके ...



12 रेत की अवैध डंपिंग, माफियाओं का खेल...





## खबर संक्षेप



### गायता जोहनी कार्यक्रम में शामिल हुईं विधायक

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकोंदल के आश्रित ग्राम बरगांव में गायता जोहनी एवं गोटुल भवन लोकार्पण में विधायक सावित्री मंडावी के उपस्थिति में हुआ। उन्होने कहा कि आदिवासी समाज की रीति नीति व संस्कृति को संजोकर रखने की बात कही। गोटुल भवन लोकर्पण और समाज के प्रतिभावान बच्चो को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोंडवाना समाज के अध्यक्ष झाड़राम उयका ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर फूल सिंह हिड़को, बाबूलाल कोमरे, युवराज पटेल, दरबूराम कोसमा, सरादूराम कोमरा व समाज के प्रमुखजन व क्षेत्र के लया लयोर उपस्थित रहें।

### स्वच्छता पखवाड़े में शिक्षक और विद्यार्थियों ने ली शपथ



**चारामा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिलेझर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थी समेत स्वच्छता शपथ लिया। स्वयं सेवकों ने ग्राम में दीवारों पर स्वच्छता संबंधी नारा लेखन किया तथा गांव के जल स्रोत तथा तालाब के आसपास साफ सफाई किया। स्वच्छता नारे लिखी तख्ती के साथ साइकिल रैली का आयोजन किया और बाजार परिसर में प्लास्टिक झिल्लियों को एकत्रित कर ग्राम में स्वच्छता संबंधित जागरूकता फैलाने का अभियान चलाया। विद्यालय में स्वच्छता पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें विभिन्न स्वयं सेवकों ने उत्साह से भाग लेकर अपनी अपनी कल्पनाओं को चित्र द्वारा पोस्टर पर अंकित किया। संस्था के प्राचार्य हिमालय सिंह गंगराले एवं कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुए।

### महिला की हुई मौत कारण है अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 113 निवासी 19 वर्षीय रमिला राया का सीएचसी पखांजुर में 22 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका को ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। अज्ञात कारणो के चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** सड़क दुर्घटना में घायल का ईलाज के दौरान डीकेएस अस्पताल में मौत होने पर नरहरपुर थाना में मर्ग कायम किया गया है। चारामा निवासी 44 गणेशराम तारम पिता मंगलाराम सड़क दुर्घटना में घायला हो गया था। ईलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 30 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान महिला की मौत

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान कांकेर निवासी सुलोचना जैन का 21 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार महिला को ईलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## सियासत : डबल इंजन की सरकार से जनता को फायदा हुआ : अरूण साव

# विष्णु सरकार ने नौ माह में विकास से प्रदेश की तस्वीर बदली, कांग्रेस पांच साल में नहीं कर पाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- कांग्रेसी अब ढिंढोरा पीटने को मजबूर, उनके पास नहीं है कोई मुद्दा
- ग्रामीणों को मिलने लगे आवास, रिकार्ड संख्या में बनेंगे आवास

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव प्रभारी मंत्री बनने के बाद प्रथम कांकेर आगमन पर भाजपाईयों द्वारा जगह-जगह आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। अलबेलापारा चौक में प्रभारी मंत्री ने शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर नमन किया। भाजपा कार्यलय में महिला मोर्चा की बहनों ने पुष्प गुच्छ व तिलक लगाकर स्वागत किया। पुराने बस स्टैंड और जेल के सामने भाजपाईयों ने लड्डुओ से तौलकर स्वागत किया।

भाजपा कार्यालय कमल सदन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने का प्रदेश की जनता को इतना फायदा हुआ है कि हमने मात्र नौ महीने में ही इतने बड़े-बड़े काम किए है, जितने कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में नही किया। उन्होने कहा कि हम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी प्रतिबद्धता के चलते प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रूपएं दिये जा रहे है और सरकार बनने के बाद 7 किश्त दे चुके है।

इसी तरह राज्य के किसानों से 3100 रूपएं प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे है जो पूरे देश में सबसे अधिक है। तेंदूपत्ता बोनस देने का मामला हो या पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच हो हमारी सरकार सभी वादों को पूरा करेगी। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों का आवास बनना प्रारंभ हो गया है, इसके लिए राज्य सरकार ने राशि जारी कर दी है। अब प्रदेश में किसी गरीब का घर पक्के छत से महरूम नही होगा। प्रभारी मंत्री ने कहा कि हमें राज्य और केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो को जनता के बीच बताने की जरूरत है। हमारी सरकार काम करती है, उसके बाद भी हमारे कार्यकर्ता जनता के बीच हमारे काम को बता नही सकते, जबकि कांग्रेस के लोग बिना काम के भी ढिंढोरा पीटते है।





### दोषी को छोड़ेंगे नहीं, निर्दोष को पकड़ेंगे नहीं : प्रभारी मंत्री

मीडिया से रूबरू होते हुए प्रभारी मंत्री कवर्धा की घटना पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि चाहे कवर्धा की घटना हो या सुकमा की घटना। सरकार ने तत्परता से कार्य करते हुए स्थिति को संभाला है। घटना के जो भी दोषी है उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस जांच जारी है। सरकार किसी निर्दोष को पकड़ेगी नही और किसी भी दोषी को छोड़ेगी नही। उन्होने कांग्रेस सरकार के समय हुए अपराध के आंकड़े और भाजपा सरकार में हुए अपराध के आंकड़े की तुलना की बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अपराध कम हुए है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार में प्रदेशवासियो को सुशासन देखने को मिलेगा, यह सरकार का वादा है ।





### सभी शहर व गांव में कमल खिलाना है

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि डबल इजन की सरकार में तीसरी इंजन भी लगानी है। कांकेर जिले के प्रत्येक शहर, गांव में स्थानीय सरकार बनानी है, इसके लिए कमर कस कर मैदान में उतर जायें। अब स्थानीय चुनावो में ज्यादा समय नही बचा है हमें अपने कामों को लेकर जनता के बीच जाना है । उन्होने कहा कि कांकेर जिले के सभी शहरो, गावों में कमल खिलाना है ।

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

आयोजित कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, विधायक विक्रम उसेण्डी, विधायक आशाराम नेताम, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, भाजपा प्रदेश मंत्री महेश जैन, सतीश लाटिया, भरत मटियारा, आलोक ठाकुर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने आभार प्रदर्शन किया।

### प्रभारी मंत्री को लड्डुओं से तौला

पुराना बस स्टैंड में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष जयंत अटभैया के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री व जिला प्रभारी मंत्री अरूण साव का गजमाला एवं लड्डू से तौल कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर पार्षद रमशीला साहू, जागेश्वरी साहू, उगेश्वरी उईके, विजय लक्ष्मी कौशिक, मीना उईके के अलावा आलोक ठाकुर, दिलीप जायसवाल टिकेश्वर जैन, गिरधर यादव, हलधर साहू, राजा देवनानी, दीपक खटवानी, संजू गोपाल साहू, नंदकुमार ओझा, संजय सिंहा, योगेश साहू, हीरा मरकाम, निखिल राठौर, भूपेंद्र नाग, किरण उसेंडी, पीयूष वलेचा, जतिन अटभैया, धनेंद्र सिंह ठाकुर एवं भाजपा युवा मोर्चा के साथ वरिष्ठ जन उपस्थित रहें। इसके उपरांत जेल के सामने भी भाजपा के युवाओं ने स्वागत करते हुए प्रभारी मंत्री को लड्डुओ से तौला।

## इमलीपारा की नाली में महिला का मिला शव, इलाके में फैली सनसनी



**कांकेर।** कांकेर के ईमलीपारा में नाली में महिला के शव मिलने की खबर आग की तरह इमलीपारा से शहर तक फैल गई और ईलाके में सनसनी फैल गई है। महिला के शव को मोहल्लेवासियों ने सुबह-सुबह देखा और इसकी जानकारी कांकेर पुलिस को दिया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और पंचनामा बनाकर शव का पीएम करवाया। महिला का शव नाली में कैसे पहुँचा, पुलिस कारणों की खोज में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार ईमलीपारा में 23 सितंबर को सुबह 6 बजें सुकबती भोयर के शव को नाली में मोहल्लेवासियों ने देखा। मौके उपस्थित लोगो ने बताया कि मृतिका ईमलीपारा की निवासी है जो 22 सितंबर को पितर भात खाने के लिए मोहल्ले में ही किसी के घर गई थी। अगले दिन सुबह देखा तो नाली में गिरी पड़ी हुई थी और सिर से लेकर कमर तक का हिस्सा नाली के अंदर कीचड़ में था और दोनो पैर ऊपर की ओर था। घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। सिर नाली के पानी में डूबने से मौत होने की आशंका जताई जा रही है, फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है, जिसके बाद भी मामले का खुलासा हो पाएगा। सुबह 6 बजे से महिला के शव नाली में मिलने की खबर आग की तरह शहर पहुँच गई और देखने वालों को तांता लग गया। समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि महिला नाली में स्वमेव गिर गई या किसी के द्वारा इस कृत्य को अंजाम दिया है। पुलिस ने मुहल्ले के द्वारा दी गई जानकारी के तहत शव का पंचनामा तैयार करके पीएम करवाया और शव को परिजनों को सौंपा गया है।

पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम किया गया है और मौत के कारण को जानने के लिए परिजनों व आसपास मुहल्ले में पतासाजी किया जाएगा, तभी सहीं कारण का पता चल सकेगा।

## डामर प्लांट के पास जुआ फड़ में रेड चार को अंतागढ़ पुलिस ने दबोचा









**कांकेर।** अंतागढ़ पुलिस ने लामकन्हार के डामर प्लांट के पास आधी रात को रूपएं पैसे का दाव लागाकर हार जीत का जुआ खेल रहें चार जुआरियों को पकड़ा और उनके कब्जे से साढ़े 9 हजार रूपएं जप्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि लामकन्हार के डामर प्लांट में कुछ लोग स्ट्रीट लाईट कि रोशनी में ताश के 52 पत्ते से रूपएं पैसे का दांव लगाकर हारजीत का जुआ खेल रहे हैं। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत अंतागढ़ थाना प्रभारी विकास राय के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और टीम 21 सितंबर की रात साढ़े 11 बजें मुखबिर के द्वारा बताए गए ईलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाही किया। छापामार कार्यवाही के दौरान जुआ खेल रहें आरोपी नयापारा अंतागढ़ निवासी 45 वर्षीय अवधेश साहू पिता रामाधार साहु, 29 वर्षीय खिलेन्द्र नरवास पिता सूरज लाल नरवास, 36 वर्षीय लोमन लोलिया पिता स्व.रंजीत लोलिया, लामकन्हार निवासी 25 वर्षीय आशीष दुग्गा पिता धनसिंह दुग्गा को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली। जुआं खेलने वाले आरोपी हरा काला रंग के फूलदार चटाई में फड़ लगाकर डामर प्लांट लामकन्हार अंतागढ में स्ट्रीट लाईट के उजाले में ताश पत्ती से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेलते पाए गए। आरोपियों के फड़ से कुल 4 हजार 500 रूपएं और अवधेश साहू के पास से 1 हजार 500 रूपएं, खिलेन्द्र नरवास के पास से 960 रूपएं, लोमन लोलिया के पास से 1 हजार 200 रूपएं और आशीष दुग्गा के पास से 1 हजार 300 रूपएं कुल 9 हजार 460 रूपएं, ताश के 52 पत्ते, एक नग हरा काला रंग का फूलदार चटाई को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधि.2022 के तहत कार्यवाही किया गया।

### नदी में डूबने से दो मासूम की हुई मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत नदी में बहने से दो मासूम बच्ची की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार केसुरबेड़ा निवासी 7 वर्षीय सुषमा मातलाम और केसुरबेड़ा निवासी 7 वर्षीय सुमन हिड़को साथ में अमसा फल तोड़ने के लिए टिरकी नदी पार करके गए थे। वापस आते समय 21 सितंबर को नदी के गहरे पानी में सुषमा और सुमन चले गए। नदी में डूब जाने से दोनो की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## गुमड़ी ओपन कबड्डी स्पर्धा में 46 टीम ने लिया हिस्सा, जोड़ेकुर्से ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत परभेली के आश्रित ग्राम गुमड़ी में कोयतोर क्लब गुमड़ी एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें जाड़ेकुर्से की टीम विजेता घोषित हुई। आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 46 टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय, और चतुर्थ टीम रहें जिसमें बांधापारा कांकेर और केसी गुमड़ी की टीम ने दर्शकों का मनमोह लिया था।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच पीलम नरेटी ने कहा खेलकूद का प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्र में आयोजन करना काफी अच्छी बात है। प्रतियोगिता से छोटे बच्चों को सीखने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता खेलकूद से शारीरिक, मानसिक, नैतिक विकास होता है। भविष्य में और भी इस तरह की प्रतियोगिता करने की बात कही।

इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने भी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को संबोधित किया गया और विजय टीम को बधाई दिया गया एवं उपविजेता टीम को और प्रयास करने की बात कही। विजय टीम को प्रथम पुरस्कार 10000 रूपएं एवं ट्रॉफी, दूसरा पुरस्कार 7000 रूपएं, तीसरा पुरस्कार 5000 रूपएं एवं ट्रॉफी, चतुर्थ पुरुस्कार 3000 रूपएं, बेस्ट रेडर हर्ष कुंजाम बांधापारा एवं बेस्ट डिफेंडर संजय तेता रहे।

वरिष्ठ जनों के लिए कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया और पुरुष वर्ग प्रथम हीरालाल जाड़े को 501 रूपएं परशु पोटाई द्वितीय 251 रूपएं, महिला वर्ग बालिका वर्ग जयबत्ती नरेटी 501 रूपएं, द्वितीय होलिका गावड़े 251 रूपएं और तृतीय संगीता नरेटी 101 रूपएं से पुरूस्कृत किया गया।

इस अवसर पर नेमचंद दर्रो, बिदेराम दुग्गा, रोहिदास गावड़े, झगडू गावड़े, घस्सू नरेटी, सुंदर गावड़े लेडदू नरेटी, गोपाल गावड़े, नरसु नरेटी, परसु पोटाई, जमुना पोटाई मितानिन, जानकी बाई नरेटी मितानिन, कोयतोर क्लब के अध्यक्ष बीरेंद्र दुग्गा, उपाध्यक्ष हीरालाल जाड़े, सचिव उमेश कोला, बालसिंह कोला, कोषाध्यक्ष सानूराम गावड़े, युवा अध्यक्ष चूमन गावड़े उपाध्यक्ष हनेश जाड़े, सचिव संतलाल नरेटी, सहसचिव रैनु कोला एवं कोयतोर क्लब के सदस्य शामिल रहे।

## सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीण हुए लामबंद, 1939-40 के दस्तावेज किया पेश

# धार्मिक स्थल पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने जांच की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- मामला जेपरा शीतला माता मंदिर का, ग्रामीणों में आक्रोश

तहसील चारामा में पहुँचे पंचायत प्रतिनिधि व गाँव के लोग औचक चारामा तहसील पहुँचे। उनका कहना था कि जेपरा के एक परिवार के दो-तीन व्यक्तियों द्वारा धार्मिक स्थल पर कब्जा कर कब्जा करके हड़पने का आरोप लगातें हुए तहसीलदार से मामले की निष्पक्ष जांच करने की गुहार लगाई है।

जेपरा ग्राम के सरपंच, उपसरपंच व ग्रामीण तहसील आफिस चारामा में 23 सितंबर को एकत्र हुए थे। एकत्र भीड़ से मीडिया ने उनके एकत्र होने का कारण जानना चाहा। उन्होने बताया कि जेपरा पटवारी हल्का नंबर 26 की निस्तार भूमि पूर्व के राजस्व अभिलेख 1939-40 निस्तार पत्रक के अनुसार जिसका पुराना खसरा नंबर 361 रकबा 2.50 एकड़ एवं खसरा नंबर 364 रकबा 2.18 एकड़ है, जो कि ग्राम के निस्तार की भूमि है, जिसका वर्तमान राजस्व अभिलेख में त्रुटि एवं आनलाईन नक्शा के बटांकन में त्रुटि हो गया है, जिसे पूर्व के राजस्व अभिलेख निस्तार पत्रक,बंदोबस्त नक्शा, अन्य अभिलेख एवं वर्तमान राजस्व अभिलेख का मिलान कर, ग्राम के निस्तार भूमि का विधिवत सीमांकन कर, सही बटांकन कर ग्राम के निस्तार की भूमि पृथक कर, निस्तार की भूमि को सुरक्षित करने की माँग किया है। उनका कहना था कि ग्राम के निस्तार की भूमि पुराना खसरा नंबर 361 रकबा 2.50 एकड़ एवं खसरा नंबर 364 रकबा 2.18 एकड़ है, जिसका वर्तमान आनलाईन कम्प्यूटर नक्शा में भिन्नता है, जिस पर समस्त ग्रामवासी आजादी के पूर्व से अर्थात अपने पूर्वजों के समय से उक्त जमीन पर धार्मिक स्थल शीतला माता मंदिर है तथा उक्त वर्णित सम्पत्ति का उपयोग-उपभोग आम निस्तार मेला-मड़ई व अन्य धार्मिक महोत्सव एवं सार्वजनिक कार्यक्रम के रुप में उपयोग करते चलें आ रहे है। उक्त वर्णित भूमि के आनलाईन नक्शा के बटांकन में त्रुटि हो जाने के कारण उक्त खसरा नंबर के ग्राम के निस्तार के भूमि को अन्य व्यक्तियों के द्वारा दबा लिया गया है और कब्जा कर हड़पने की कोशिश की जा रही है। हमारी माँग है कि मामले की निष्पक्ष जाँच किया जाएं और मंदिर के जमीन को हडंपने वालों पर कार्यवाही किया जाए।

मामले की जाँच कराने के लिए सरपंच भागवत नेताम, उप सरपंच गोविंद मंडावी, लीला दास दुबे, मनोहर साबे, नारायण कोमरा, चित्रकांत ▶▶| शेष पेज 10 पर



### खुराहा चपका का पशुओं को किया टीकाकरण



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल ब्लॉक के ग्राम आमागढ़ सहीत हिगनपुरी एडगुड में खुरा चपका का सघन टीकाकरण अभियान चलाया गया, जिसमें लगभग 55 से 60 पशुओं को खुरा चपाक का टीका लगाया गया। खुरा चपका बीमारी रोकने के लिए शासन हर 6 माह में टीकाकरण कराती है। ग्रामीण परदेशी बढ़ाई, जग्गू राम निषाद, संजय नरेटी, विकास विश्वकर्मा सहित सभी ग्रामवासियों ने मवेशियों का टीकाकरण करवाया और कहा कि टीकाकरण ▶▶| शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### वयोवृद्ध दिवसः वृद्धजनों का किया गया सम्मान

फरसगाँव। वयोवृद्ध दिवस पर सोमवार को फरसगांव में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने विशेष शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फरसगांव बीएमओ डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती ने उपस्थित वृद्धजनों को नारियल और शाल भेंटकर उनका सम्मान किया। साथ ही उनके स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर उनके स्वास्थ्य की जांच भी की गई। जिसमें रक्तचाप, मधुमेह सहित अन्य तरह के रोगों की जांच की गई। इस कार्यक्रम में 60 साल से ऊपर की आयु में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में ग्रामीणों की समस्याएं



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज जिला कार्यालय के भू–तल स्थित सभाकक्ष में जनदर्शन में लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में22 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों पर त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनदर्शन में नवीन शासकीय महाविद्यालय मर्दापाल के विद्यार्थियों ने कालेज में आधारभूत सुविधाओं का अभाव की शिकायत की। कलेक्टर ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवेदन पर अवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। ग्राम सुखबेड़ा के निवासियों ने प्राथमिक शाला में शिक्षकों की मांग, ग्राम फुलझर के ग्रामीणों ने पुलिया एवं रोड की मांग, ग्राम कोदाबेड़ा के ग्रामीणों ने वनाधिकार पट्टे की मांग सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयोजन : 15 दिनों तक विविध गतिविधियों से देंगे स्वच्छता का संदेश, करेंगे साफ-सफाई भी

# स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता को बनाएं आदत

## रासेयो इकाई सजेस माकड़ी ने चलाया स्वच्छता मेगा ड्राइव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय माकड़ी द्वारा प्राचार्य श्रीमती इंदुमती सिन्हा एवं कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत जैन के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में सरपंच हेमलाल वट्टी की अध्यक्षता सहयोग से 22 सितंबर को दुर्गा मंच माकड़ी के पास एक दिवसीय स्वच्छता शिविर मेगा ड्राइव का आयोजन किया गया। सबसे पहले सभी स्वयंसेवकों द्वारा आसपास की पूरी साफ सफाई किया गया। लगभग 1.5 क्विंटल 2 ट्राली पाउज पन्नी एवं पॉलिथिन इक्कठा किया गया। तत्पश्चात स्वच्छता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे उपस्थित रहे।

- एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधारोपण

कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणाश्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर तिलक चंदन, पुष्पगुच्छ के साथ दीप प्रज्वलित करते हुए लक्ष्य गीत और राजकीय गीत के साथ किया गया। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया की स्वच्छता ही सेवा एक राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जो की 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक निरंतर अलग–अलग गतिविधियों के साथ जारी रहेगा। किन्तु हमें इस सिर्फ 2 अक्टूबर तक ही नहीं बल्कि पूरे साल हमारे आसपास, गांव शहर को स्वच्छ रखने, स्वच्छता का संदेश जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। तब जाके हमारा यह वाक्य स्वच्छता ही सेवा पूर्ण रूप से सिद्ध होगा। अतिथियों ने अपने उद्बोधन से स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम अधिकारी चंद्रकांत जैन द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया और एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत पौधे लगाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित स्वयंसेवक मुकेश, अजीत, देवेंद्र सेठिया एवं मीडिया प्रभारी सूर्यप्रकाश साहू भी उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताई। साथ ही साथ इस अवसर पर सरपंच, भूतपूर्व सरपंच ललित पोयम शिक्षा समिति अध्यक्ष चंदन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपेन्द्र नाग, पूर्व ब्लॉक कांग्रेश अध्यक्ष बिरस प्रसाद साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजू ग्वाल, पूर्व सरपंच ललित पोयम, ग्वाल साहब, मगेदा प्राचार्य रमेश प्रधान एवं आसपास के विद्यालयों के शिक्षकगण, जनप्रतिनिधिगण तथा बढ़ी संख्या में ग्रामीणजन भी इस स्वच्छता मेगा ड्राइव शिविर में उपस्थित रहे।

## डोहलापारा में महिला स्वसहायता समूह शेड का किया गया भूमिपूजन



**केशकाल।** ग्राम पंचायत डोहलापारा में देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोण्डागांव ने आज महिला स्वसहायता समूह के शेड का भूमिपूजन किया। साथ ही 5 लाख के और वन अधिकार पट्टा बांटे। डोहलापारा के 15 हितग्राही, तोषकपाल के 7 हितग्राही को पट्टों का वितरण किया गया। सरपंच, ग्रामवासी और समाज प्रमुख की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्री मतलाम ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व और ग्रामसभा में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण, सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश मरकाम सरपंच, खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस कोंडागांव उमेश मंडावी सरपंच , सुमित्रा बघेल उपसरपंच दुर्गा प्रसाद मरकाम समाज प्रमुख मिलन मरकाम ग्रामसभा अध्यक्ष, बालसिंग बघेल,चरण नेताम, हलाल मरकाम, रामलाल यादव शाद राय मांडवी गहेंद्र नेताम पंच गोकुल मरकाम पंच मौजूद रहे। बिहान महिला समूह के अध्यक्ष जयंती नेताम ने बताया कार्यक्रम में 12 समूह शामिल हुए। समूह ने आय और व्यय की जानकारी दी। समूह के माध्यम से मछली पालन और कृषि और अन्य व्यवसाय से समूह के बहनें रोजगार प्राप्त कर रही हैं। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



कोण्डागांव। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता में 22 सितम्बर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सी.के.कोर्राम, हरिशंकर नेताम के मार्गदर्शन में स्वयं सेवको ने संयुक्त रूप से स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता के तहत एनसीसी मैदान, अंबेडकर चौक, थाना गली, अटल चौक, शिवमंदिर के समीप साफ सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में स्वयंसेवक मनीष वट्टी, वनीता मंडावी, संतोष नेताम, रामेश्वरी, हंसिका ध्रुव, वंदना नाग,पूनम मरकाम का विशेष सहयोग रहा।

## सभी लैम्पस में स्वच्छता गतिविधियों का होगा आयोजन



कोण्डागांव। स्वच्छता ही सेवा अभियान–2024 की थीम स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता के सफल आयोजन एवं स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आज स्वच्छता अभियान के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला सहकारिता विभाग की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई द्वारा जिले के सभी लैम्पस के आसपास स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन करने कहा। लैम्पस परिसर में 100 पेड़ लगाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा निरंतर स्वच्छता के प्रति कृषकों को जागरूक करने और स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में सहभागिता सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्देश दिया गया। इस अवसर पर ए.के. नामदेव, प्रभारी सहायक पंजीयक, जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अधिकारी एवं समस्त लैम्पस प्रबंधक उपस्थित रहे।

## किबईबालेगा में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा



कोण्डागांव। किबईबालेगा के शाउमा विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरुकता फैलाना था। रैली के दौरान छात्रों ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी स्वयंसेवकों और विद्यालय के शिक्षकों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर, खेल मैदान और किबईबालेगा के साप्ताहिक बाजार स्थल पर साफ–सफाई अभियान चलाया। अभियान में विद्यार्थियों के साथ–साथ शिक्षकों ने भी बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और स्थानीय लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल विद्यार्थी बल्कि पूरे समाज को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने में सहायक होते हैं। स्थानीय निवासियों ने भी इस पहल की सराहना की और भविष्य में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## एनएसएस ने चलाया स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम



कोण्डागांव। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए सम्पूर्ण भारतवर्ष में स्वच्छ भारत अभियान के दस वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रव्यापी स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। डॉ डी एल पटेल कार्यक्रम समन्वयक, शशिभूषण कनोजै जिला संगठक के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत चिपावंड एवं राष्ट्रीय सेवा योजना चिपावंड के संयुक्त तत्वावधान में चिपावंड में जनपद प्राथमिक विद्यालय और यात्री प्रतीक्षालय चिपावंड के पास साफ सफाई कर कचरा को ट्रैक्टर में डाला गया। ग्राम पंचायत चिपावंड की सरपंच सूरज नेताम ने कहा कि हमारे गांव को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम अपने घरों, मोहल्लों, नलों के आसपास नियमित साफ सफाई करेंगे, तभी हम महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार कर पायेंगे। स्वयंसेवकों ने साफ सफाई के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत चिपावंड के जनप्रतिनिधि कूंदन लावत्रे, लता सेठिया, उर्मिला देवांगन, डाक्टर ए. के.मिश्रा, सुरेश देवांगन संकुल समन्वयक, मोहनलाल बोगा व्याख्याता कार्यक्रम अधिकारी,रासेयो के स्वयंसेवक राधिका नेताम, रम्भा, कमली , लोकेश, दयालु, खिरेंद्र, राम, गिरीवर अकलेश आदि उपस्थित रहे।

# केशकाल घाटी का निरीक्षण, बनाएं गुणवत्तापूर्ण सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज केशकाल नगर से घाटी तक सघन दौरा कर कल से शुरू हो रहे सड़क मरम्मत कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य को समयसीमा में पूर्ण करें। कलेक्टर ने दोपहर केशकाल घाटी के मोड़ में पहुंचकर सड़कों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों और ठेकेदारों से सड़क मरम्मत कार्य के लिए तैयारियों और कार्य शुरू करने में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने घाटी में पानी के निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही घाटी में क्रैश बैरियर लगाने के कार्य को 15 अक्टूबर तक पूर्ण करने के के लिए निर्देशित किया। साथ ही केशकाल घाटी में प्रकाश के लिए विद्युत व्यवस्था के लिए प्राक्कलन तैयार करने ई एंड एम पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रूपेश डांडे, एसडीएम केशकाल अंकित चौहान और राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी उपस्थित रहे।

- कलेक्टर ने घाटी में प्रकाश व्यवस्था के लिए भी दिए निर्देश

### डायवर्सन प्लान बनाएं, रूट चार्ट जारी करें

कलेक्टर ने निर्माण कार्य के दौरान वाहनों के आवाजाही के लिए ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ और थाना प्रभारी केशकाल को सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाने कहा। संबंधित विभागों के अफसरों को निर्माण एजेंसी को संबंधित अधिकारियों के समन्वय से डायवर्सन प्लान बनाने और रूट चार्ट जारी करने के निर्देश दिए।



## 9वीं की 50 छात्राओं को मिली साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

किबईबालेगा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 50 छात्राओं को निरूशुल्क साइकिल वितरित की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि खेमचंद नेताम ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना। स्कूल जाने में सहूलियत प्रदान करना है। उनकी स्कूल तक की दूरी आसान होगी। अभिभावकों से शिक्षा के प्रति जागरूक रहने कहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि योजना ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सभी ने मिलकर शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य रामलाल सलाम, ग्राम पंचायत किबईबालेगा के सरपंच जयलाल मरावी, उपसरपंच गोकुल सेठिया, शाला विकास समिति अध्यक्ष कुंवर सिंह ठाकुर, विद्यालय के प्राचार्य, संकुल समन्वयक, सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# शिक्षकों का दुर्ग में किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह रविवार को दुर्ग में आयोजित किया गया। अकादमी के प्रमुख संजय कुमार मैथिली व उनके राज्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजित किया। विकासखंड केशकाल जिलाकोंडागांव से भारती साहू प्रधान अध्यापक प्राथमिक कोरकोटी के नेतृत्व में जिलानी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला तरईबेड़ा,यशोदा नेताम प्राथमिक शाला आँचलापारा, यशोदा मण्डावी सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला डोहलापारा, तमन्ना पटेल प्राथमिक शाला बटराली इस सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। उक्त चयनित शिक्षिकाओं को शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा सम्मान गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर द्वारा दिया गया। विधायक द्वारा भारती साहू से उनके कार्य,विशेष ड्रेस कोड एवं पूरे राज्य में केशकाल के शिक्षिकाओं की एक अलग पहचान के लिए बधाई व आगे के कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बड़ेराजपुर ब्लॉक के लिहागांव में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

# 167 ने मांगा पीएम आवास तो मनरेगा में 100 लोगों को चाहिए काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



बड़ेराजपुर ब्लॉक के ग्राम लिहागांव में शुक्रवार को जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

- शिविर में 479 आवेदन मिले, कुछ का हुआ निराकरण

शिविर में कुल 479 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से कुछ का निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। शेष आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लिहागांव के पास स्थित आमगांव में एक पुलिया की स्वीकृति हो चुकी है, जिससे आवागमन में सुधार होगा। उन्होंने बिजली की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि बड़ेराजपुर क्षेत्र में जल्द ही बिजली आपूर्ति की समस्या का समाधान किया जाएगा। क्षेत्र में एक सब–स्टेशन का निर्माण पूर्व में प्रस्तावित था, उसे फिर से शुरू करने के लिए कार्य कर रही है। किसानों के हित में धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जा रही है जिससे किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है। विधायक टेकाम ने वन भूमि पट्टा धारकों से वन भूमि पर कम से कम 50 पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत लोगों से अपने आस–पास के क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों, स्कूलों और पंचायत भवनों को साफ–सुथरा रखने का आग्रह किया। पूर्व विधायक सेवक राम नेताम ने जनसमस्या निवारण शिविर को जनता के हित में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों में श्रीमती प्रमिला मरकाम, जेठूराम मंडावी, सोभन मरकाम, राधेलाल बघेल, बुधसन नेताम, श्रीमती संगीता पोयाम, श्रीमती सरिता नेताम और हीरालाल नेताम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### ज्यादा से ज्यादा समस्याओं को हल करना उद्देश्य : कलेक्टर

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपने संबोधन में कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि हर महीने कम से कम दो शिविर आयोजित किए जाएं। ताकि लोगों की ज्यादा से ज्यादा समस्याओं का हल हो सके। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान में सभी की भागीदारी की आवश्यकता बताई। उन्होंने लोगों से अपने ग्राम स्तर पर सफाई अभियान में भाग लेने और स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन तथा धार्मिक स्थलों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने की अपील की।

### आवास के लिए मिले 167 आवेदन

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 167 आवेदन, मनरेगा से संबंधित 100 आवेदन और श्रम विभाग द्वारा 43 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। शिविर में 188 लोगों को वनाधिकार पत्र प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त, समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 व्हीलचेयर, 3 बैसाखी, 20 छड़ी, 1 वॉकर और 7 हियरिंग एड का वितरण किया गया।

## दो दिव्यांगजनों को दी गई बैटरी चलित ट्रायसायकल



**कोण्डागांव।** जनदर्शन में कलेक्टर कुणाल दुदावत के समक्ष जनपद पंचायत माकड़ी के ग्राम धारली निवासी दिव्यांग मलसाय नेताम एवं ग्राम पंचायत भाटगांव निवासी दिव्यांग बंगाराम नेताम द्वारा बैटरी चलित ट्रायसायकल की मांग की गई थी। कलेक्टर के निर्देशानुसार उक्त दोनों दिव्यांगजनों को आज उप संचालक श्रीमती ललिता लकड़ा के द्वारा बैटरी चलित ट्रायसायकल प्रदान किया गया। साथ ही दोनों दिव्यांगों को नियमानुसार पेंशन की कार्रवाई करने के लिए ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया है। दोनों दिव्यांगजनों ने बैटरी चलित ट्रायसायकल मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया। जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### तालाब की सफाई में निकला दो ट्रक कचरा

**जगदलपुर।** गीता वासुदेव वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को गंगा मुंडा की सफाई कर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया। सदस्यों ने तालाब में विश्वकर्मा मंदिर के पास दो बड़े घाट की सफाई की। करीब दो ट्रक कचरा वार्ड वासियों और सदस्यों के द्वारा निकाला गया। तालाब से कांच, प्लास्टिक की बोतले, झिल्ली, पन्नी, खराब कपड़े, जलकुंभियां, खरपतवार निकाली गई। मदद के लिए नारी शक्ति भी इस काम में सामने आने लगी है। गंगा मुंडा के चारों तरफ सराउंडिंग 277 लोगों ने अभियान के लिए अपना हस्ताक्षर कर फोन नंबर दिया। सदस्यों ने नगर वासियों से अनुरोध किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा प्रति रविवार प्रातः 7 बजे शामिल होकर इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाते सहयोग प्रदान करें। इस दौरान अजय पाल सिंह जसवाल, डी.के पाराशर, दिलीप सुंदरानी, पांडव भोल, दीपक साहू, एस.के पाल, पूनम शर्मा, पी.डी मेश्राम, प्रतीक, राजेश राव, बी.आर साहू, गोलू, रवि शर्मा, बबला यादव, राहुल, शेख फारूक, साजिद सिद्दकी, बबलू गुप्ता, मुस्ताक भाई समेत वार्ड वासियों मौजूद थे।

### पेज 9 के शेष

**धार्मिक स्थल पर...**

सिन्हा, साधुराम दर्रो, राजेश निषाद, बसंत साहू, कालीदीन सेन, बसंत मंडावी, घंसू मंडावी, सुखदेव पटेल, जयराम साहू, कन्हैया घरत, रामकुमार रायस्त और अन्य सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

**खुराहा चपका का...**

जरुरी है। टीकाकरण के दौरान डॉ. सरिता ठाकुर, डॉ. महादेव रावटे, धर्मेन्द्र बघेल सहित पशु सखी लक्ष्मी शर्मा, यशोदा जैन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर शाला परिसर को किया साफ



**जगदलपुर।** उच्च प्राथमिक शाला भाटागुड़ा संकुल हाटगुड़ा में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों तथा शाला विकास समिति सह पालकों ने मिलकर शाला परिसर की सफाई की। बैठक में शाला विकास समिति ने निर्णय लिया था कि श्रमदान करते हुए शाला परिसर की सफाई की जाएगी। सभी ने अपनी उपस्थिति देकर झाड़ियों तथा घास की सफाई कर श्रमदान दिया। ग्रामीणों ने एकता का परिचय देते हुए श्रमदान कर शाला के मैदान की सफाई की गई। इस दौरान सरपंच दयाराम बघेल, उपसरपंच फरसू राम, पंच राम चंद बघेल, महादेव मंकी, मंगलसाय, बुद्ध प्रकाश, रायधर, नीलकंठ, अतबल भारती, महादेव निषाद, सहदेव निषाद, रूकधर बघेल, हरिनाथ मंकी, ललित, बलराम, नरसिंह, कोटवार बसंत कुमार, राधेश्याम गोयल, लखन सेठिया सचिव, पालक और शाला विकास समिति के सदस्य व प्रधान अध्यापक उपस्थित थे।

### 167 बूथ में पहुंच भाजपा ने दिलाई सदस्यता



**जगदलपुर।** गुरु गोविंद सिंह वार्ड बूथ क्रमांक 167 मे भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत रविवार को घर-घर जाकर बूथ स्तर पर सदस्यता दिलाई गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव समेत सभी विधानसभाओं व पंचायत समितियों तक के जनप्रतिनिधि और नेता जुटे हैं। गुरु गोविंद सिंह शक्ति केंद्र सदस्यता प्रभारी संग्राम सिंह राणा व सह प्रभारी अविनाश सिंह गौतम एवं 167 बूथ प्रभारी सुरेश कश्यप, फुलेश्वरी कराई, बंटू पांडे, उमेश गुप्ता के नेतृत्व में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया। हर बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ता जुटे हैं।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने की साफ सफाई




**जगदलपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय धरमपुरा में किया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में साफ सफाई की गई। इस दौरान स्वच्छता जागरूक रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों सहित विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पोटानार के कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार सिंह, दलनायक रामेश्वर कश्यप, संतोष ठाकुर, आदेश कश्यप, शिवा सेठिया, कमलेश कश्यप, अमन नाग, संतोषी यादव, तुलसी कश्यप, पल्लवी नाग, गोविंद मौर्य, खेमराज बघेल, हरेश कश्यप एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए।

### आत्महत्या रोकथाम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन



**जगदलपुर।** जिले के आश्रम-छात्रावासों में रहने वाले बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए मनो बस्तर परियोजना का संचालन आदिवासी विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। इस हेतु आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों के लिए 3 दिवसीय आत्महत्या रोकथाम प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बस्तर एकेडमी ऑफ डान्स, आर्ट एण्ड लिटरेचर (बादल) आसना में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में परियोजना हेतु चयनित बस्तर जिले के सभी सात विकासखंड के कोऑडिनेटर्स को भी परियोजना से संबंधित प्रशिक्षण साथी समाज सेवी संस्था द्वारा दिया गया। यह प्रशिक्षण मारिवाला हेल्थ इनिशिएटिव और यूनिसेफ के सहयोग से आयोजित किया गया।

### राशन दुकानों में इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन में तकनीकी समस्या

# राशन सामग्री वितरण में गड़बड़ी दुकानदार, उपभोक्ता को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राशन दुकानों में राशन सामग्री का वजन तौलने जिस इलेक्ट्रॉनिक मशीन का उपयोग राशन दुकानदार कर रहे हैं वह गुणवत्ताविहीन है।

- शासन को शिकायत के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं



मशीन इतना स्तरहीन है कि बार-बार इसमें तकनीकी समस्या आती है। यहां तक कि उपभोक्ताओं को राशन का वजन करने में एक किलो से अधिक राशन में कमी आ रही है। कुल मिलाकर जिस एजेंसी से इलेक्ट्रॉनिक मशीन सप्लाई की गई है,उसमें भारी अनियमितता की आशंका है। यह बातें शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन विक्रेता कल्याण संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में कही।

सोमवार को बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में राशन दुकानदारों ने विभिन्न बिंदुओं पर पत्रकारों का ध्यानाकर्षण कराते शासन की गम्भीर लापरवाही और उदासीन रवैया का खुलासा किया। उन्होंने बताया दुकानों में तौलने की इलेक्ट्रॉनिक मशीन निम्न और घटिया स्तर का है। इसलिए इसमें बार-बार तकनीकी समस्या आती है। जिसके सुधार और मरम्मत कार्य नही होने से राशन वितरण में समस्या आ रही है। साथ ही सर्वर फेल होने की समस्या से राशन दुकानदार जूझ रहे है। बार-बार सर्वर फेल होने से राशन वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है।

#### 5 माह से नियमित राशन आबंटन नहीं

राशन दुकानों में विगत 5 माह से राशन का नियमित आबंटन नही हो रहा है। राशन दुकानदारों ने दावे के साथ कहा राशन सामग्री शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचने के पहले ही उसे ठिकाने लगा दिया जा रहा है। राशन वितरण में भारी अनियमितता की जा रही है।

#### आर्थिक संकट से जूझ रहे दुकानदार

शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन विक्रेता मुताबिक शासन उनके साथ भेदभाव की नीति अपना रहा है। यही कारण है कि समय पर बारदाना नही देने, वित्तीय पोषन राशि का भुगतान नही करने के अलावा 20 वर्षो से लागू मर्जीन राशि मे वृद्धि नही की जा रही है। इसके चलते दुकानदार आर्थिक संकट से जूझ रहे है।

#### 250 रुपये प्रति क्विंटल करें

राशन दुकानदारों ने शासन से मांग करते कहा सभी स्कंधों में वृद्धि कर 250 रूपते प्रति क्विंटल कर मासिक भुगतान की व्यवस्था हो। सहकारिता समूह के विक्रेताओं को 30 हजार रुपए मासिक मानदेय के अलावा राशन दुकान एवं विक्रेता का बीमा कराई जाए।

# दो घंटे का धरना देकर न्याय की गुहार





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दंतेश्वरी मंदिर के सामने बस्तर जिला पत्रकार संघ के नेतृत्व में जिले भर के पत्रकारों ने दो घंटे का धरना देकर दक्षिण बस्तर के 4 पत्रकारों की बाईज्जत रिहाई तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करते आवाज बुलंद की। 12 से 2 बजे तक धरना में अनेक पत्रकारों ने अपने संबोधन में

- सीएम के नाम एसडीएम को सीबीआई जांच की मांग का सौंपा ज्ञापन

पत्रकारों को निर्दोष बताते गंभीर साजिश का आरोप लगाया। बताया गया कि पत्रकार बप्पी राय के कार में गांजा रखकर पत्रकारों को फंसाया गया है जबकि बस्तर के पत्रकार विपरित परिस्थितियों में फील्ड रिपोर्टिंग कर जनहित के मामले को शासन प्रशासन के सामने लाते हैं। कोंटा से लगे आंध्रप्रदेश के चिंतुर थाने में मामला बनाया गया है। जबकि कोंटा क्षेत्र के टीआई प्रकाश सोनी को जब नक्सलियों ने अगवा कर लिया था तब पत्रकारों के प्रयास से ही उनकी रिहाई हुई थी। पूर्व सुकमा कलेक्टर एलेक्स पाल मेनन को भी जब नक्सलियों ने अगवा किया था उस दौरान भी पत्रकारों की उनकी रिहाई में अहम भूमिका रही। बस्तर के पत्रकार हमेशा से शासन प्रशासन और जनता के हित के लिए काम करते रहे हैं। इसलिए शासन से मांग करते हैं कि सीबीआई जांच की घोषणा की जाए ताकि निर्दोष पत्रकारों के साथ न्याय हो सके।

पूरे संभाग के पत्रकार 4 पत्रकारों की रिहाई तक अपना आंदोलन समय-समय पर जारी रखेंगे। धरना स्थल पर टीआई कोतवाली शिवानंद सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पत्रकारों से टीआई ने कहा कि यहीं आकर एसडीएम ज्ञापन लेंगे। धरना के बाद एसडीएम भरत कौशिक आए और ज्ञापन स्वीकार करते शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## आईटीआई नगरनार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना गया



**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नगरनार में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के वर्षगांठ के अवसर पर 20 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में वर्धा महाराष्ट्र में आयोजित पीएमवी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुना गया। इस दौरान संस्था के अधिकारी-कर्मचारी एवं 120 लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालन के पश्चात ब्रिक मेसन एवं प्लास्टर मेसन के 90 प्रशिक्षणार्थियों को कार्यक्रम के पश्चात संयुक्त संचालक प्रशिक्षण एवं प्राचार्य के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को योजना में 3 लाख रुपए लोन से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक प्रशिक्षण औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं क्षेत्रीय कार्यालय बस्तर क्षेत्र, जगदलपुर परमेश्वर ईडपाचे, प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नगरनार नवीन देवांगन एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नगरनार के अधिकारी-कर्मचारी तथा प्रशिक्षणार्थी एवं लाभार्थी उपस्थित थे।

## सपन शासकीय अधिवक्ता, श्रीनिवास, प्रतिमा और सागर अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता बने



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग मंत्रालय के

- नवनियुक्त अधिवक्ताओं ने कार्यभार ग्रहण किया

द्वारा शासन की ओर से पैरवी करने के लिए शासकीय अधिवक्ता, अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता एवं विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त सभी अधिवक्ताओं ने मां दंतेश्वरी मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त कर पदभार ग्रहण किया। पूर्व में की गई नियुक्तियों को रद्द करते हुए उनके स्थान पर नई नियुक्तियां की गई है। जिनमें शासकीय अधिवक्ता के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सपन देवांगन और अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता में श्रीनिवास रथ, प्रतिमा राय, सागर श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा अन्य नियुक्तियां की गई है जिसमे विशेष लोक अभियोजक (एट्रोसिटीज) उमेशचन्द्र ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक (एनडीपीएस) तापस कुमार विश्वास, विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो) वरूणा मिश्रा, अतिरिक्त लोक अभियोजक (एफटीसी ) प्रीति वानखेड़े,विशेष लोक अभियोजक (एनआईए) कु.लछनी भारती की नियुक्ति की गई है।

# परंपरा, संस्कृति को बचाने के लिए पर्व और तिहार को मनाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मुरिया समाज का नुआ खानी जुहार भेंट कार्यक्रम मुरिया सदन धरमपुरा में मनाया गया। जिसमें समाज प्रमुख, कर्मचारी, किसान, युवा व महिला पदाधिकारी, परगना मांझी,

- मुरिया सदन में मनाया गया नवा खानी



नाईक, पाइक, सिरहा, गुनिया, पटेल, सरपंच एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। 1876 मुरिया विद्रोह के जननायक शहीद वीर झाड़ा सिरहा, डोकरा देव को सेवा अर्जी कर कार्यक्रम को शुरू किया गया। सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग अध्यक्ष संतु मौर्य ने बताया कि नुआ खानी पर्व का मतलब सिर्फ उत्सव नहीं है। इसके अलावा भी अनेक उद्देश्य हैं। आदिवासियों के लिए यह पर्व ऐसा होता है जिसमें हजारों सालों से पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित ज्ञान को सतत हस्तांतरित करने का प्रयास करते हैं। हमारे पुरखों द्वारा संरक्षित प्रकृति के अनमोल उपहार आने वाली पीढ़ी को भी मिल सके। इस पर्व में अनेक उद्देश्य छुपे हुए हैं, नया खानी महापर्व में प्रकृति में सर्वप्रथम उत्पादित धान को अपने पुरखों, देवी-देवताओं, पेन के समक्ष समर्पण करते हैं। कोंडागांव जिला अध्यक्ष पनकु नेताम ने कहा कि समाज को एकत्रित करने के लिए हम सभी को एक साथ एक मंच में आने की आवश्यकता है। तब हम हमारी संस्कृति रीति रिवाज को बचा सकते हैं। बलवीर सिंह कच्छ ने शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

वर्तमान पीढ़ी खान-पान के साथ-साथ नाचा, गीत एवं कल को प्रदर्शन करना भी जरूरी है। जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल ने कहा कि हमारे संस्कृति को बनाए रखने के लिए गांव के व्यवस्था को बचाने की आवश्यकता है। हमारी संस्कृति को बचाना है तो पुजारी सिरहा गुनिया को महत्व देना है। बालो बघेल ने बताया कि हमारी संस्कृति को बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षा को विशेष महत्व देने की आवश्यकता है। जगदीश चंद्र मौर्य ने मुरिया समाज के नियमावली को अवगत कराते हुए कहा कि समाज में हर कोई व्यक्ति को नियमावली का पालन करना चाहिए। अगर कोई नहीं करता है तो उसे दंडित किया जाएगा। इस दौरान गिरधर कश्यप, पनकू नेताम, डीआर पुजारी, बलदेव मौर्य, गोपाल भारद्वाज, मंगली बाई, मोसु नाईक,रामनाथ कश्यप, दिवाकर कश्यप, गिरधर कश्यप, काशीराम कश्यप, सी.आर .नाग , समारु बघेल, नारायण सिंह मौर्य, पूरन सिंह कश्यप, बसंत कश्यप, अभय कुमार कच्छ, बन सिंह मौर्य, आयतूराम कश्यप, चंदन बघेल, पदम नाथ कश्यप, मंधर कश्यप, बामदेव भारती, लक्ष्मण बघेल, अमीर कश्यप, रूपचंद नाग समेत पदाधिकारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बच्चों के साथ ग्रामीणों की भी रही सहभागिता

## स्वच्छता ही सेवा अभियान स्कूलों और कॉलेजों में चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान की शपथ ली गई। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कुलपति डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुल सचिव अभिषेक बाजपेई, कार्यक्रम समन्वयक डॉ डियर पटेल की उपस्थिति में स्वच्छता की सेवा इवेंट में शासकीय महाविद्यालय जगदलपुर, शासकीय दंतेश्वरी महाविद्यालय, जकरन भतरा महाविद्यालय बकावंड, बस्तर हाई स्कूल, शासकीय हाई स्कूल आसना, तितिरगांव, पोटानार, आड़वाल एवं अन्य महाविद्यालय विद्यालयों से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शामिल हुए। बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता सेवा संबंधित कार्योर् में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। वर्ष 2024 में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की दसवीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिससे लोगों में स्वच्छता के प्रति सोच को बदला जा सके एवं लोग सामुहिक रूप से अपने क्षेत्रों, गांवों को स्वच्छ रखने में अपनी भूमिका को निभा सकें। इस दौरान प्रो. सी. पी.यादव, अकबर खान, जमुना ठाकुर, मौसमी विश्वास, प्रिंसी दुग्गा, डोरिस सुना, निरंजन दास, रूपा यादव, विजय चंद्राकर, राजेश सेठिया, रघुनंदन सेठिया, डॉ. संजीव, राजू बघेल, तेजस्वी साहू , सलीना नेताम, गोमती नाग, विपिन कुमार, देवेंद्र, जागेश शोरी, रश्मि मांडवी, हरसिता नेताम, चंपा मंडल, लक्ष्मी, निकिता, नारायण, रिषिका नेताम, संतोष, पूरन सिंह कश्यप समेत अन्य स्वयं सेवकों उपस्थित थे।

## कोंटा-सुकमा के पत्रकारों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा



जिला मुख्यालय सुकमा के बस स्टैंड परिसर में जिले भर के पत्रकारों ने प्रदर्शन कर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम सीबीआई जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

इस मामले के साजिश कर्ताओं को गिरफ्तार करने सहित अन्य बिंदुओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते पत्रकारों ने कलेक्टर से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और निर्दोष पत्रकारों की रिहाई के लिए पहल करने की मांग भी की। धरना स्थल पर पत्रकारों ने निर्दोष 4 पत्रकारों को साजिश पूर्वक वाहन में गांजा रखकर फंसाने का आरोप लगाया है। कहा गया कि दंतेवाड़ा, सुकमा के 4 पत्रकार कोंटा में अवैध रेत परिवहन की रिपोर्टिंग के लिए गए थे। सभी पत्रकार निष्पक्ष रूप से पत्रकारिता कर रहे हैं।

# डंपिंग यार्ड को बैन करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व नेता प्रतिपक्ष उदयनाथ जेम्स के नेतृत्व में कांग्रेस

- कांग्रेस पार्षद दल ने कलेक्टर से की मुलाकात



पार्षद दल ने नवपदस्थ कलेक्टर एस हरीश से जनमानस की आबादी क्षेत्र से दूर डंपिंग यार्ड बनाने व महाराणा प्रताप व गंगानगर वार्ड में डंपिंग यार्ड हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने डंपिंग यार्ड से जनता को हो रही समस्याओं से अवगत कराया। बताया गया कि शहर के वार्डोर् से डंपिंग यार्ड हटाकर आबादी क्षेत्र से दूर डंपिंग यार्ड बनाया जाए, डंपिंग यार्ड के होने से लोगों को गम्भीर बीमारियों का डर है। लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए डंपिंग यार्ड शहर से बाहर होना चाहिए ताकि वार्ड में निवासरत लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इस दौरान निगम अध्यक्ष कविता साहू, विक्रम सिंह डांगी, सूर्यपानी, कोमल सेना, बलराम यादव, कमलेश पाठक, सुशिला बघेल, सुखराम नाग, सुषमा सुता, सुनीता सिंह, सुषमा कश्यप, दयाराम, बी.लता निषाद, ललिता राव, महेश ठाकुर मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने पोटाकेबिन का किया निरीक्षण

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने चिन्नाकोड़ेपाल के 500 सीटर बालक पोटाकेबिन का आज आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार भी उपस्थित थे। कलेक्टर ने आवासीय संस्था चिन्नाकोड़ेपाल में बच्चों से पढ़ाई, भोजन व्यवस्था के बारे में चर्चा किया। वहीं शयनकक्ष, भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन किया। संस्था में पदस्थ अनुदेशक, भृत्यों से संस्था संचालन एवं उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हड़ताल 27 को

**भानुप्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेश के शासकीय सेवकों को मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के समान देय तिथि से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर लंबित महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का जी पी एफ खाते में समायोजन करने एवं मध्यप्रदेश की भांति 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण,चार स्तरीय समयमान वेतनमान,केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की मांगों को लेकर 27 सितंबर 2024 दिन शुक्रवार को कलम बन्द- काम बंद हड़ताल की जाएगी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी के उक्त आंदोलन को छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ जिला शाखा कांकेर पूर्ण समर्थन करता है। संघ से जुड़े समस्त साथियों से अनुरोध है कि 27 सितंबर को अवकाश लेकर आंदोलन को तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

### दौड़ में अखिलेश व मनेश्वरी प्रथम

**कांकेर।** शासकीय नरहरदेव स्कूल मैदान में 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 90 बालिका व 40 बालक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में प्रथम अखिलेश कुंजाम और द्वितीय स्थान पर रोशन कोर्राम रहे, वहीं महिला वर्ग में प्रथम मनेश्वरी शेवता व द्वितीय कविता कोला रही। विजेताओं व उपविजेता को आयोजनकर्ताओं की ओर से नगद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर टीके जैन, सोमेश यादव, सयोग साहू, अरविंद यादव, विमल सिंह कवर, डॉ. तोरण सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल के लगभग 100 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत रावघाट निवासी 36 वर्षीय बुधाय बाई का ईलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका को ईलाज के लिए रायपुर के डीके अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहां उसकी 2 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### जहर खाकर महिला ने की आत्महत्या

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत गुल्ले आमाबेड़ा निवासी रविना वैद्य ने चूहा मारने की दवाई खा लिया था। स्वास्थ्य बिगड़ने से 29 जुलाई को मौत हो गई। पुलिस सहायता केंद्र में शुन्य पर मर्ग कायम कर मर्ग डायरी आमाबेड़ा थाना में पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### तालाब में डूबने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत योगेंद्र नगर निवासी बापन मंडल का तालाब में डूबने से मौत हो गया। पखांजुर निवासी प्रभात मंडल ने पुलिस को बताया कि मृतक 21 सितंबर को तालाब में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**निर्देश :** लोनिवि, पीएचई, विधि और विधायी कार्यों तथा नगरीय प्रशासन विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में की

# सद्व्यवहार टीम वर्क व समयबद्ध तरीके से जिम्मेदारी निभाएं अधिकारी : डिप्टी सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





- प्रभारी मंत्री ने समीक्षा बैठक लेकर आमजनता की समस्याओं का निदान सर्वोच्च प्राथमिकता से करने का अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य एवं नगरीय प्रशासन विभाग तथा कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरूण साव जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कामकाज और विभागीय दायित्वों की समीक्षा किया। इस दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांकेर जिला संसाधन और साधन सम्पन्न जिला है, जिसका सुव्यवस्थित विकास करना सबका महती दायित्व है। चाहे जनप्रतिनिधि हो या प्रशासनिक अधिकारी, सबका एक ही लक्ष्य होना चाहिए कि शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ आम जनता तक पहुंचे। अपनी क्षमता और कार्यशैली का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपने सद्व्यवहार, टीम वर्क और समयबद्धता से बेहतर उदाहरण प्रस्तुत करें।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 23 सितंबर को दोपहर को आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी अपने विभागीय दायित्वों का स्व आंकलन करें कि टीम के कप्तान के तौर पर वह किस स्तर तक योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन किया है। अपने कार्यालय को स्वच्छ और सुंदर रखें, क्योंकि इसी से उनके व्यक्तित्व का पता चलता है। सभी लोकसेवकों को आमजनता की सेवा के लिए ईश्वर ने अवसर दिया है, तो उसकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर खरे उतरना प्रशासनिक ही नहीं, नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होने ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शुद्ध पेयजल मिले, यह सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग के तहत सड़क और पुल पुलिया के अधूरे निर्माण को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करें। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी न्यायालयीन प्रकरणों का नियमित निबटारा करने अनिवार्यतः समय दें। इसके लिए सकारात्मक कार्यशैली अपनाते हुए समयबद्ध तरीके से विभागीय दायित्वों का निर्वहन करें। अन्नदाता किसानों को भटकना न पड़े, इसके लिए जनाकांक्षाओं पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं, सुविधाओं और चिकित्सकों व आवश्यक दवाओं की समय पर उपस्थिति की जमीनी हकीकत जानने नियमित और सघन मॉनिटरिंग करें। नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री ने निर्देशित किया कि वर्तमान में स्वच्छता ही सेवा के तहत चलाए जा रहे अभियान की वास्तविकता जानने सीएमओ अपने अपने क्षेत्र का जायजा जरूर लें। पूरे शहर की सुविधाओं और समस्याओं की चिंता उन्हें होनी चाहिए। इसी तरह शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस विभाग तत्काल संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को पुनः कहा कि प्राकृतिक साधनों से परिपूर्ण कांकेर जिले को अग्रणी बनाने और सकारात्मक परिणाम लाने सब मिलकर हरसंभव सार्थक प्रयास करें।

### कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने एजेंडावार जानकारी दी

समीक्षा बैठक में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने एजेंडावार जानकारी देते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, आदिवासी विकास विभाग, समाज कल्याण, जलसंसाधन, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, पशुधन विकास, मछलीपालन, खाद्य सहित विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी दी। अंत में जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर ने कहा कि आज की समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री ने जो निर्देश दिए हैं, उनका अनुसरण करते हुए जिले को अग्रणी बनाने हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक अंतागढ़ विक्रम देव उसेंडी, कांकेर विधायक आशाराम नेताम, जिला पंचायत के अध्यक्ष हेमंत ध्रुव सहित पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलीसेला, डीएफओ आलोक वाजपेयी, हेमचंद पहारे, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल, एडीएम जितेंद्र कुमार कुर्रे सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच दिनी प्रशिक्षण में शिक्षकों को मिली महत्वपूर्ण जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

विकासखंड अंतागढ़ के प्राथमिक स्कूलों में अंग्रेजी भाषा का शिक्षण करने वाले शिक्षकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण पीएमश्री कन्या प्राथमिक विद्यालय अंतागढ़ तथा बीआरसी सभागार अंतागढ़ में दिया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एपीसी दिनेश नाग द्वारा प्रत्येक प्रशिक्षण स्थल का दौरा कर उचित व्यवस्था का जायज़ा लिया गया। प्रशिक्षकों ने एनईपी 2020 व निपुर्ण भारत के प्रभारी द्वारा उक्त विषय के बारीकियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रशिक्षण क्यो होता है, जरूरी क्यों है और उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। संकुल समन्वयक के द्वारा कहानी एवं अपने अनुभव के माध्यम से उक्त प्रशिक्षण को प्रतिदिन विद्यालयों में समायोजन करने एवं सभी विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले इसे सुनिश्चित करने कहा गया। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा उपरोक्त ट्रेनिंग की महत्तवता एवं विषयों पर चर्चा के माध्यम से इंगलिश ग्रामर की रोचकता एवं विशिष्टता के बारे में चर्चा करते हुए सरल संयुक्त तथा छोटे मिश्र वाक्य बनाकर नवनिहाल बच्चों को कैसे सिखाना है, इस संबंध मं बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान सौरभ बैनर्जी, मुकेश सोनवानी, मोनिका सोनी, मोपाल नुरेटी, हरदीप कौर, मुकेश यादव, खिलेश्वरी नेताम व अन्य लोग उपस्थि रहें।

### पशुओं को ओडिशा ले जा रहे गौ तस्करों को बजरंगियों ने पकड़ा

**जगदलपुर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के लोगों ने डिमरापाल के पामेला बाजार से गौ हत्या के लिए ओडिशा ले जा रहे मवेशियों को माड़पाल के पास पकड़ा। जिसके बाद मवेशियों को कामधेनु गौशाला कुरुंदी को सौंपा।

## डिप्टी सीएम को लंबित मांगों का संविदा कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**कांकेर।** जिले के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि नियमितीकरण सहित 18 मांग के संबंध में उप मुख्यमंत्री एवं कांकेर प्रभारी मंत्री अरूण साव के कांकेर जिला में आगमन ज्ञापन सौंपा गया।

उप मुख्यमंत्री ने उक्त मांग के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करने आश्वस्त किया। मांगों को जल्द ही पूरा करने पत्र लिखने का भी आश्वासन दिया गया। ज्ञात हो कि पिछले जुलाई 2023 के अनुपूरक बजट में सभी छत्तीसगढ़ राज्य के सभी विभागों के 37 हजार संविदा कर्मचारियों के लिए 350 करोड़ रूपएं की स्वीकृति प्रदान किया गया था, जिसमे मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा अभियान, आईटीआई तकनिकी शिक्षा के संविदा कर्मचारी को उक्त 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों को उक्त वेतन वृद्धि आज तक अप्राप्त है, जिसके कारण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों द्वारा विभिन्न स्थानीय विधायक सहित सांसद, मंत्री सहित मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते आ रहे है।

## दमकसा में हुआ सर्कल स्तरीय गायता जोहरनी



**दुर्गुकोंदल।** गोंड़वाना समाज सर्कल दमकसा में सर्कल स्तरीय गायता जोहरनी कार्यक्रम में 11 गांव के गायता, ग्राम प्रमुख एवं समाज के महिला-पुरुष बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सभी ने एक दूसरे को नवाखाई पर्व एवं ठाकुर जोहरनी की बधाई दिया। गोंडी धर्माचार्या शेरसिंह आंचला, सर्व आदिवासी समाज जिला सचिव व जनपद सदस्य देवेन्द्र टेकाम, गोंड़वाना समाज सर्कल अध्यक्ष सोमदेव कोरेटी ने अपील कि समाज को संरक्षित करना, रीति रिवाज संस्कृति की संरक्षण, धर्मांतरण पर रोक, देवी देवताओं की संरक्षण, बच्चों की शिक्षा स्तर पर सुधार, नशा पान से दुर रहना रहें। कार्यक्रम के दौरान ग्राम गायता पुनऊ राम दुग्गा, रामकुमार कोरेटी, भारत आंचला, मुरहाराम दर्रो, रामलाल कोरेटी, बाबूलाल कोला, बिरझू राम गावड़े, रामलाल कोरेटी, रतन आंचला, संपत दुग्गा, लालसाय व क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।



### प्रांतीय कबड्डी स्पर्धा में भुरकाटोला ने मारी बाजी

**दुर्गुकोंदलत।** नवयुवक समिति एवं ग्राम जेपरा द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम भुरकाटोला, द्वतिय हामतवाही, तृतिय बहमनी और चतुर्थ स्थान पर नहगिदा रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में खेलकूद का आयोजन करना बहुत बड़ी बात है। वही खेलकूद से मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक, विकास होता है एवं एक दूसरे से संपर्क बना रहता है। छोटे बच्चों को खेल कुद सीखने का अवसर मिलता हैं। ग्राम जेपरा में ग्रामीणों के मांग पर खेलकूद स्थान पर 5 लाख की रंगमंच बनाने की घोषणा की और आंगनबाड़ी के लिए शासन से प्रस्ताव भेजने की बात कही। पहुंच मार्ग जेपरा से तुड़गे के बीच प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से बनाने के लिए बजट में शामिल करने की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बृजवती धुर्वे, जनपद उपाध्यक्ष सुनाराम तेता, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील बबला पाढी, सकुर दुग्गा, बैजनाथ नरेटी, सोमनाथ नरेटी, नरपत नरेटी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

## बीएसएफ और ग्रामीण युवकों के बीच मैत्री फुटबाल रोमांचक रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

खेल मैदान दुर्गुकोंदल में नौजवानों और 178 बटालियन के जवानों के बीच फुटबॉल प्रतियोगिता में सभी ने भाग लिया। नौजवानों ने अपना सहयोग प्रदान कर मैच को अंतिम क्षणों तक रोमांचक बनाए रखा। यह मैच नौजवानों और जवानों के बीच आपसी मैत्री और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सफल रहा। प्रतियोगिता का उद्देश्य वाहिनी स्तर पर एक मिश्रित टीम तैयार करना था, जिसमें जवान और स्थानीय नौजवान टीम का हिस्सा बनें।

आयोजित फुटबॉल मैच के बाद द्वितिय कमान अधिकारी शैलेंद्र शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर उनका उत्साह बढ़ाया और उन्हें अन्य खेल जैसे वॉलीबॉल, खो-खो में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आयोजन नौजवानों और सुरक्षा बलों के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हमें भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को आयोजित करने की प्रेरणा देता है।

आयोजन न केवल खेल के माध्यम से नौजवानों को प्रेरित करता है, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी मदद करता है। खेल के दौरान 178 वाहिनी के डिप्टी कमांडेंट गुरु चरण सिंह, सहायक कमांडेंट विजय दत्त व थाना प्रभारी योगेश सोनी उपस्थित रहे।

## रेत की अवैध डंपिंग, माफियाओं का खेल बारिश के बाद महंगे दामों में बेची जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

चारामा ब्लॉक के अंदरूनी ग्रामों में अवैध रूप से रेत डंपिंग का खेल जोर-शोर से चल रहा है। रेत की कीमतों में संभावित वृद्धि को देखते हुए रेत माफियाओं ने खदानों की बंद होने के बावजूद अवैध रूप से रेत का भंडारण करना शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों के खाली मैदान अब रेत डंपिंग के अड्डे बन चुके हैं, जहां माफियाओं ने प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम अपने कार्यों को अंजाम दिया है।

मानसून के समाप्त होते ही निर्माण कार्यों में तेजी आने की संभावना रहती है, जिससे रेत की मांग बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेत माफिया बारिश के दौरान कम दाम पर रेत को खरीदकर उसे डंप कर रहे हैं, ताकि मानसून के बाद इसे ऊंची कीमतों पर बेच सकें। हालांकि रेत खदानें फिलहाल बंद हैं, लेकिन शहरों और ग्रामीण इलाकों में रेत की अवैध आपूर्ति बदस्तूर जारी है। यह सारा खेल स्थानीय प्रशासन और पुलिस की मिलीभगत का इशारा करता है, क्योंकि अधिकारियों की नाक के नीचे से यह अवैध गतिविधि धड़ल्ले से चल रही है। खाली पड़े प्लॉट और निजी जमीनों पर रेत का भंडारण हो रहा है, जिससे यह इलाके अवैध रेत डंपिंग के हॉटस्पॉट बन चुके हैं। रेत माफियाओं की यह गतिविधियां कानून और प्रशासन की नाकामी को भी उजागर करती हैं। इस अवैध रेत भंडारण और व्यापार का सीधा असर क्षेत्र के विकास कार्यों पर पड़ सकता है, क्योंकि बढ़ी हुई कीमतों पर रेत की खरीदारी निर्माणाधीन परियोजनाओं को प्रभावित कर सकती है। इसके अलावा, अवैध डंपिंग से पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

## पत्नी को दी जान से मारने की धमकी, पति पर मामला दर्ज



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर में पति के द्वारा पत्नी के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित पत्नी परेशान होकर पति से लंबे समय से अपने मायके में रह रही है। बेटियो के दस्तावेज लेने पहुँची पत्नी के साथ पति ने जमकर मारपीट किया। मारपीट की शिकार हुई पत्नी ने परेशान होकर पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। थाना भानुपतापपुर में शिकायत करने पहुंची भानुप्रतापपुर निवासी 43 वर्षीय कौशल्या वैद्य पति मनमोहन ने पुलिस को बताया कि हाल में रायपुर के शिवानंद नगर सेक्टर 3 की रहने वाली हूं और गृहणी का कार्य करती हूं। मेरी शादी हुए 19 साल हो गया है। मै और मेरे पति विगत 10 से 11 वर्षो से अलग-अलग रहते है। माह जून 2024 से मै अपनी पुत्री चित्रलेखा और दुर्गेश नंदनी के साथ अपने मायके रायपुर में अपनी मां के पास रहती हूँ। इसी दौरान 16 सितंबर को निजी काम से भानुप्रतापपुर आई थी और घर पर ही अलग रह रही थी। कुछ दिन बाद 22 सितंबर की रात को 9 बजें पति मनमोहन वैद्य को मेरी बेटी चित्रलेखा वैद्य का जन्म प्रमाण पत्र मांगी, मेरे पति आरोपी भानुप्रतापपुर निवासी मनमोहन वैद्य पिता स्व. बुधराम वैद्य ने मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए गाली देने लगा। तुझे जान से मारकर खत्म कर दुंगा कहते हुए बांस के डंडे से मारपीट किया, जिससे मेरे कमर व पैर में चोट आई है। मेरे पति आए दिन बहुत परेशान करते है व मारपीट करते है, जिससे मै भयभीत रहती हूं। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रासेयो की जिला बैठक व सह प्रशिक्षण कार्यशाला में माय भारत पोर्टल पंजीयन की जानकारी दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- कांकेर के चार विकासखण्ड के महाविद्यालय एवं विद्यालय के अधिकारी सम्मिलित हुए

राज्य एनएसएस अधिकारी छ.ग. शासन डॉ नीता वाजपेयी के मार्गदर्शन में डॉ डी एल पटेल कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर के निर्देशन व मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य सेजस भानु प्रतापपुर की अध्यक्षता में जिला संगठक श्री भागीरथी नायक के संयोजन से कार्यक्रम अधिकारियों का जिला स्तरीय एकदिवसीय समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भानु प्रतापपुर में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कांकेर जिले के चार विकासखंडों से महाविद्यालय एवं विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर डी एल पटेल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत जिला संगठक भागीरथी नायक ने समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व विकास का एक महत्वपूर्ण मंच है जिसमें सभी कार्यक्रम अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिससे हम युवा प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करते हैं । समीक्षा बैठक सह कार्यशाला के प्रथम सत्र में भारत सरकार द्वारा गत वर्ष शुरू की गई माय भारत पोर्टल पर पंजीयन की तकनीकी जानकारी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर गजेंद्र कुमार साहू कार्यक्रम अधिकारी शहीद राजेश पवार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ द्वारा दिया गया जिसमें सभी रासेयो इकाई के संस्थानों का ज्ञान संस्थान के रूप में पंजीकरण, कार्यक्रम अधिकारीयों एवं स्वयंसेवकों का पंजीकरण उसकी उपयोगिता व कार्यों के बारे में बताया गया।

### आगामी तिमाही कार्य योजना की जानकारी दी

समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय सत्र में सभी कार्यक्रम अधिकारियों के द्वारा स्वयंसेवकों का पंजीयन, गोदग्राम, रक्तदान, वृक्षारोपण, गत तिमाही की कार्य उपयोगिता एवं आगामी तिमाही की कार्य योजना की जानकारी कार्यक्रम समन्वयक डॉ डी एल पटेल के समक्ष प्रस्तुत किया गया। डॉ पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी कार्यक्रमों की जानकारी तथा प्रतिवेदन अब डिजिटली माय भारत पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है जिससे संस्था स्तर के कार्यक्रम अथवा स्वयंसेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी इस पोर्टल के माध्यम से सीधे भारत सरकार को हो सके। भारत सरकार 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है जिसमें युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होगा। अतः हमें युवाओं को अधिक से अधिक ऊर्जावान, प्रतिभाशाली और सक्षम बनाने में अपनी भूमिका निभानी है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज




